THE RATLAM TIMES

सच के साथ, समाज के लिए

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

रतलाम (म.प्र.) | गुरूवार, 13 अगस्त 2026 | दैनिक | वर्ष - 01 | अंक - 146 | पृष्ठ - 08 | मूल्य - ₹2

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू

रतलाम के काटजू विधि महाविद्यालय से निकली तिरंगा रैली, गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत कॉलेज परिसर से निकली रैली में स्टाफ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

कैलाश नाथ काटजू विधि महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थि

रतलाम | डॉ. कैलासनाथ काटजू विधि महाविद्यालय, रतलाम में दिनांक 13 अगस्त 2026 से दिनांक 15 अगस्त 2026 तक "हर घर तिरंगा अभियान" अंतर्गत दिनांक 13 अगस्त 2026 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय गान के पश्चात् (पैदल मार्च) रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर कान्वेंट स्कूल चौराहा, जिला न्यायालय चौराहा, उपभोक्ता प्रतितोषण कार्यालय रोड, कालिका माता मंदिर से होती हुई पुनः महाविद्यालय परिसर पर रैली का समापन हुआ।

"हर घर तिरंगा अभियान" पर्व के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुराधा तिवारी एवं समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों सहित अत्यधिक संख्या में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली में सक्रिय सहभागिता की।

तिरंगा हमारा मान है,
देश की शान है!

दैनिक

वर्ष - 01 | अंक - 146 | पृष्ठ - 02 | मूल्य - ₹2

स्वतंत्रता दिवस 2026

स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल की गई

मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

पुलिस परेड ग्राउंदव पर ध्वजारोहण के दौरान मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला, एसपी अमित कुमार एवं अन्य अधिकारी

रतलाम 13 अगस्त 2026/ स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के भव्य आयोजन के लिए की गई तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल आज 13 अगस्त को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्री बूजेंद्र रावत, अतितिक पुलिस अधीक्षक, एसडीएम शहर सहित संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान एस. ए. एफ. 24 वी वाहिनी 'बी' कंपनी रतलाम, जिला पुरूष बल रतलाम, जिला महिला बल रतलाम, जिला होमगार्ड बल रतलाम, एंन.सी.सी. सीनियर डिविजन शासकीय कला एवं विज्ञान महाविधालय रतलाम, एंन.सी.सी. जुनियर डिविजन शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. रतलाम, एन.सी.सी. सेंट, जोसेफ कान्वेंट स्कूल रतलाम, एंन.सी.सी. मांर्निंग स्टार हाई स्कूल रतलाम द्वारा अतिम रूप से मुख्य समारोह के लिए परेड की रिहर्सल की गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूर्व अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोंत्तर द्वारा किया गया।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें — 7240819429

दैनिक

वर्ष - 01 | अंक - 146 | पृष्ठ - 03 | मूल्य - ₹ 2

स्वतंत्रता दिवस 2026

हर घर तिरंगा अभियान के तहत

रतलाम में निकली विशाल तिरंगा रैली

कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक लिया भाग, दिया राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी का संदेश

रतलाम 13 अगस्त 2026/ हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रतलाम शहर में गुरुवार को विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगर निगम कार्यालय परिसर से हुआ। रैली में कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

तिरंगा रैली नगर निगम कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कॉलेज रोड, जेल रोड, लोकेन्द्र टॉकीज, न्यू रोड, दो बत्ती होते हुए महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। पूरे मार्ग में तिरंगा लहराते हुए नागरिकों ने देशभक्ति का उत्साह प्रदर्शित किया।

रैली में कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, अपर कलेक्टर श्री बुजेंद्र रावत, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम महापौर श्री प्रह्लाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लाला बाई चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर

कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने कहा कि देश इस वर्ष अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने रतलाम जिले के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर देता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना खून और पसीना बहाया।

कलेक्टर श्री कटेसरिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ एक अच्छे नागरिक के रूप में अपने दायित्वों को भी याद करना चाहिए। हम सभी की जिम्मेदारी है कि रतलाम शहर और पूरे जिले को स्वच्छ रखें तथा जिले की प्रगति और विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और रतलाम को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने में

दैनिक

वर्ष - 01 | अंक - 146 | पृष्ठ - 04 | मूल्य - ₹2

रतलाम जिले की खबरें

रतलाम के ग्राम मोरवानी में हरियाली अमावस पर पौधारोपण

वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, समाजसेवी राधु गामड़ स्मृति में आम के पौधे का रोपण

रतलाम। ग्राम मोरवानी में हरियाली अमावस के पावन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी समाजसेवी राधु गामड़ की स्मृति में आम के पौधे का पौधारोपण किया गया।

आदिवासी एकता परिषद, अखिल भारतीय भील समाज, जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस), आदिवासी छात्र संगठन, वीर एकलव्य आदिवासी सामाजिक सेवा संस्थान रतलाम, महाराणा पुजा भील जनकल्याण संगठन, मध्यप्रदेश अजावस के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण किया गया।

अतिथियों ने प्रकृति, पर्यावरण, जल, जंगल, जमीन के संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदूषण रोकने और जनजागृति का आह्वान किया। सभी ने एक पौधा लगाकर प्रकृति बचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्रसिंह टोंक, पीयूष जैन, राजू सिंगर, अकरम खान, श्रीमती अनीता वर्मा, श्रीमती राजीव गांधी, श्रीमती अंजना राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जावरा में गायों की हड्डियों पर बवाल

CMO की टेबल से घंटाघर तक पहुंचा आक्रोश, जांच शुरू; अब सवाल— हड्डियां आई कहां से और जिम्मेदार कौन?

- जावरा। ट्रेंचिंग ग्राउंड के बाहर प्लास्टिक के कट्टों में गायों की हड्डियां मिलने के वीडियो के बाद हिंदू संगठनों ने नगर पालिका पहुंचकर विरोध किया।
- कथित हड्डियां CMO चन्द्रशेखर सोलेस की टेबल पर रखकर जवाब मांगा गया। मामला घंटाघर चौराहे तक पहुंचा और प्रदर्शन से बाजार में जाम लग गया।
- CMO ने बताया कि वीडियो ट्रेंचिंग ग्राउंड के बाहर का है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज, नगरपालिका स्तर पर जांच शुरू।
- CMO बोले – CCTV गुरुवार से चालू होंगे, चौकीदार की व्यवस्था की जाएगी। नगर पालिका केवल आवारा पशु उठाएगी।
- यदि गौशाला में पशु की मृत्यु होती है तो निस्तारण की जिम्मेदारी गौशाला की, निसी पशु पर जिम्मेदारी पशुपालक की होगी।
- शहर थाना प्रभारी और सीएसपी मौके पर पहुंचे, प्रदर्शनकरियों से चर्चा के बाद जांच और कार्रवई का आश्वासन दिया गया।
- अब सवाल – हड्डियां किसकी हैं, वहां कौन लाया, CCTV कब से बंद था और निगरानी किसकी जिम्मेदारी थी?
- प्रशासन के सामने चुनौती – जांच केवल कागजों तक सीमित न रहे, जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई।